प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 29.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..............

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में विभिन्न विकास कार्यों और एलिवेटेड रोड का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड और राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आगामी भर्ती परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम घोषित किया।

- विश्व हृदय दिवस पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

- भारत ने एशिया कप टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया।

.............

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज विभिन्न विकास कार्यों और एक एलिवेटेड रोड का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के खरबास चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में 530 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर श्री शर्मा आंगनबाडी सामग्री और स्कूटी वितरण भी करेंगे। साथ ही एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री जयपुर के नारायण विहार थाना परिसर से नारायण विहार पत्रकार कॉलोनी और खोरा बीसल सहित तीन थानों का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर में सांगानेर स्टेडियम में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में 170 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री त्रिवेणी पुलिया शनि मन्दिर के पास आयोजित एक कार्यक्रम में रिद्धि–सिद्धि एलीवेटेड रोड का भूमि पूजन भी करेंगे।

..............

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड और राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आगामी भर्ती परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा ग्राम विकास अधिकारी की परीक्षा दो नवम्बर 2025 को आयोजित होगी। इसके अलावा परिचालक की भर्ती परीक्षा छह नवम्बर, प्लाटून कमांडर की परीक्षा 22 नवम्बर और वाहन चालक भर्ती 23 नवम्बर को होगी। वहीं, महिला पर्यवेक्षक और संविदा आयुष अधिकारी की परीक्षा 26 दिसम्बर और जमादार ग्रेड–द्वितीय की परीक्षा 27 दिसम्बर को प्रस्तावित है। वहीं रीट मुख्य परीक्षा 17 से 21 जनवरी 2026 तक आयोजित होगी। इसके अलावा लेब असिस्टेंट की परीक्षा 22 फरवरी, कृषि पर्यवेक्षक की परीक्षा आठ मार्च और सीईटी परीक्षा आठ से दस मई तक होगी। लिपिक ग्रेड–द्वितीय और कनिष्ठ सहायक–एलडीसी भर्ती परीक्षा पांच और छह जुलाई को होगी। लोक सेवा आयोग द्वारा सब इंस्पेक्टर और प्लाटून कमांडर की परीक्षा पांच अप्रैल को होगी। पशु चिकित्सा अधिकारी और सहायक कृषि अभियंता की परीक्षाएं 19 अप्रैल को ली जाएंगी। स्कूल लेक्चरर–प्रथम श्रेणी शिक्षक भर्ती 31 मई से 16 जून तक आयोजित होगी। वरिष्ठ अध्यापक–द्वितीय श्रेणी शिक्षक की परीक्षा 12 से 18 जुलाई 2026 तक आयोजित की जायेगी।

..............

देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है। इसके तहत कल वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने अलवर में दिव्यांगों का सम्मान, निःशुल्क जांच और मार्गदर्शन शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। वन राज्य मंत्री ने शिविर में दिव्यांगजनों के लिए लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने अधिकारियों को दिव्यांगजनों की समुचित जांच करने के साथ उनकों बीमारी के अनुरूप दवाओं का वितरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने दिव्यांगजनों से संवाद भी किया। उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका जागरूक रहकर लाभ उठाने की अपील भी की। इससे पहले वन राज्य मंत्री ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण करे निर्देश दिये। इधर, भरतपुर के मल्टीप्लेक्स में प्रधानमंत्री की जीवनी पर आधारित चलो जीते हैं डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जा रही है जिसे देखकर दर्शक उनकी जीवनी से प्रभावित होकर उनके विचारों से प्रेरणा ले रहे है।

..................

इसी कडी में आज सवाईमाधोपुर में दिव्यांगों के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 7 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले इन शिविरों में दिव्यांग व्यक्तियों का असेसमेंट कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने और ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड तुरंत उपलब्ध करवाए जाएंगे।

..................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित दिल्ली प्रदेश भाजपा के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय मंत्री, सांसद और वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।

................

आज विश्व हृदय दिवस है। इसका उद्देश्य हृदय रोगों और उनके जोखिम कारकों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इस दिन को पहली बार विश्व हृदय महासंघ ने साल 2000 में शुरू किया था, ताकि लोगों को हृदय रोग से बचाव के उपायों और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में जानकारी दी जा सके। इस अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। बालोतरा में रिफाइनरी श्रमिकों के लिए निशुल्क हृदय जांच शिविर लगाया गया है। पाली में लाखोटिया उद्यान में हास्य योग का आयोजन किया गया है। साथ ही राजकीय बांगड़ चिकित्सालय मे निःशुल्क हृदय जांच शिविर और सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा।

.

...................

हनुमानगढ़ जिले के पल्लू–सरदारशहर मेगा हाईवे पर स्थित बालाजी मंदिर के पास कल दो कारों की आमने–सामने की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई और 9 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा सीएचसी केंद्र में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि एक कार में सवार श्रद्धालु सालासर बालाजी के दर्शन के लिए जा रहे थे। वहीं दूसरी कार सवार श्रद्धालु बालाजी के दर्शन कर लौट रहे थे।

.....................

एशिया कप टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया है। भारत ने 9वीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। तिलक वर्मा ने नाबाद 69 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। शिवम दुबे ने 33 और संजु सैमसन ने 24 रन बनाए। इससे पहले, पाकिस्तान की पूरी टीम 146 रन पर सिमट गई थी। कुलदीप यादव ने भारत की ओर से चार विकेट लिए। खिताब जीतने के बावजूद भारत ने एशियन क्रिकेट काउंसिल–एसीसी अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नक़वी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम इंडिया ने न तो मेडल्स और न ही ट्रॉफी लेने से सहमति जताई। इसके चलते समारोह अचानक समाप्त करना पड़ा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने पर भारतीय टीम को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने भविष्य में भी भारतीय टीम का गौरव बने रहने की कामना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने एशिया कप टूर्नामेंट में भारत–पाकिस्तान फाइनल की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से करते हुए कहा कि नतीजा वही रहा और भारत जीत गया। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा भारत जीत गया! हमारे क्रिकेटरों को बधाई। इधर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी भारत की जीत पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

........................

बंगाल की खाडी में निम्न दबाव का नया सिस्टम बनने से एक बार फिर प्रदेश में बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य के सभी जिलों में आज और कल यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अगले पांच दिनों तक पूर्वी राजस्थान में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग जयपुर के केन्द्र निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 3 अक्टूबर तक कोटा, उदयपुर, भरतपुर, जयपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश की

गतिविधियां दर्ज होने की संभावना है। इस दौरान उदयपुर संभाग में कहीं—कहीं भारी बारिश होने की भी संभावना है।

....................